दिनांक : 23.05.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

छठा चरण–प्रचार

लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार आज षाम समाप्त हो रहा है। इस चरण में आठ राज्यों के 58 निर्वाचन–क्षेत्रों में 25 मई को मतदान होना है। इनमें बिहार की आठ, हरियाणा की सभी दस सीट, जम्मू–कश्मीर की एक, झारखण्ड की चार, दिल्ली की सभी सात सीट, ओडिसा की छह, उत्तर प्रदेश की 14 और पश्चिम बंगाल की आठ सीट शामिल हैं। इन 58 लोकसभा सीट पर कुल आठ सौ 89 उम्मींदवार मैदान में हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा।

....

चुनाव प्रचार

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज पंजाब में पटियाला में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस रैली के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बिहार के गया, उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ और झारखंड के देवघर में स्थानीय कार्यक्रम, जनसभा, रोड शो और बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वहीं, मध्य प्रदेष कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कल पंजाब के होशियारपुर से कांग्रेस उम्मीदवार यामिनी गोमर के समर्थन में मतदाताओं के साथ संवाद किया।

....

बुद्ध पूर्णिमा

आज बुद्ध जयंती मनाई जा रही है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुद्ध जयंती पर देषवासियों को षुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर पूरे प्रदेष में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व संध्या पर कल राजधानी भोपाल में सभी बुद्ध विहारों में विषेष बुद्ध वंदना की गई।

वहीं आज वैषाखी पूर्णिमा पर आगरमालवा जिला मुख्यालय स्थित श्रीकेवड़ा स्वामी भैरवनाथ मंदिर पर विभिन्न प्रांतों तथा आसपास और दूरस्थ क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रृद्धालुजन आये है जा श्रीभैरवनाथ की पूजन कर रहे है साथ ही यही पर दाल–बाटी चूरमा बनाकर प्रसादी चढ़ाते है। वही दूसरी और जिले के प्राचीन, प्रसिद्ध और ऐतिहासिक षिवालय श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रृद्धालु भक्तजन दर्षन कर रहे है।

....

गर्मी

प्रदेश इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। कई नगरो, कस्बों में तापमान पेंतालिस डिग्री के आसपास हो रहा है। रतलाम में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। भोपाल में 43.9, इंदौर में 43.4, ग्वालियर में 43.7, उज्जैन में 43.8 पहुंच गया। शिवपुरी, सागर, नौगांव, दतिया, खजुराहो, खंडवा, खरगोन, दमोह और धार में भी तापमान 44 डिग्री या इससे अधिक दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने दतिया, भिंड, निवाड़ी जिलों में तीव्र लू चलने की चेतावनी जारी की है। मुरैना और बैतूल में भीषण गर्मी के कारण दोपहर में बाजारों में सन्नाटा है। धार, रतलाम, मंदसौर, नीमच, सतना, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, मैहर, राजगढ़, ग्वालियर और श्योपुर कला जिले में भी लू चलने की संभावना है। वहीं, आज कुछ जिलों में बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है। लू से बचाव के लिए नियमित रूप से पानी पीते रहने की सलाह दी गई है। यूनिसेफ के संचार विशेषज्ञ अनिल गुलाटी ने कहा कि यूनिसेफ द्वारा बच्चों, महिलाओं और गर्भवती महिलाओं के लिए लू से बचाव और उपचार के लिए विशेष प्रयास किये गए हैं।

....

पंजीयन विरोध

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रदेश के लाखों कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले कर्मचारियों तथा पेंशनर्स के संगठनों का पंजीयन समाप्त करने का विरोध किया है। सीपीएम राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने इस निर्णय की आलोचना करते हुए कहा है कि यह कर्मचारी विरोधी कदम है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

–टीकमगढ कृषि विज्ञान केन्द्र मे मशरूम उत्पादन और नर्सरी व्यवसाय के लिए एक माह का निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। 5 जून तक इसके लिए पंजीकरण कराया जा सकता है।

आगरमालवा में कल कलेक्टर राघवेन्द्रसिंह ने जिले में मनरेगा से स्वीकृत समस्त गौशालाओं की ग्राम पंचायतवार समीक्षा की।

गुना जिले के राघौगढ़ में आज जिला प्रशासन ने नगर पालिका की लगभग 16 हजार वर्ग फिट भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

शिवपुरी में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दिनों में बच्चों के लिए स्व–निर्माण संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में 7 से 17 वर्ष तक के बच्चे भाग ले रहे हैं।

निवाड़ी जिला खाद्य अधिकारी सरिता अग्रवाल को अच्छा प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया है।

– बैतूल जिले के प्रभात पट्टन ब्लाक के ग्राम साईखेड़ाखुर्द में कल करंग लगने से एक बच्चे की मृत्यु हो गई है।

....